**Roll No.----------------------**

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>**Question Booklet No.** |
|---|
| |

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>**Question Booklet Series** |
|---|
| **D** |

# LL.B (Sixth Semester) Examination, January-2022

# LL.B604

# LAW OF TRUST EQUITY AND FEDUCIARY RELATION

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**393**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Which of the following would be a valid charitable trust ?
   (A) A trust to educate my relatives
   (B) A rust to preach to my relatives
   (C) A trust to care for my sick relatives
   (D) A trust to relieve the poverty of my relatives

2. According to Stack Vs Dowden (2007) 2AC 432 it the couple hold the legal estate jointly the Court :
   (A) Must examine the whole course of dealing to find common intention
   (B) Must presume that there is also joint beneficial ownership
   (C) Has discretion to award fair shares
   (D) None of the above

3. The first category of constructive trust in Leoyds Vs Rosset case, the agreement based on :
   (A) Evidence of express discussion between the couple
   (B) Inferred from the couple's whole course of dealing in relation to the house
   (C) Decided by the Court on the basis of fairness
   (D) None of the above

1. निम्नलिखित में से कौन विधिक खैराती न्यास है ?
   (A) सम्बन्धियों को शिक्षित करने वाला न्यास
   (B) अपने सम्बन्धियों को धार्मिक उपदेश दिलाने हेतु न्यास
   (C) अपने बीमार सम्बन्धियों की देखभाल के लिये न्यास
   (D) अपने रिश्तेदारों की गरीबी दूर करने के लिये गठित न्यास

2. स्टेक बनाम डाउडेन (2007) 2 एसी. 432 के अनुसार जहाँ जोड़े द्वारा संयुक्त विधिक सम्पत्ति धारित किया गया है वहाँ न्यायालय :
   (A) सामान्य आशय के निर्धारण हेतु संव्यवहार के पूर्ण भाग का परीक्षण करेगा
   (B) उपधारित कर लेगा कि वहाँ संयुक्त लाभकारी स्वामित्व था
   (C) उनका सही हिस्सा तय करने में अपने विवेक का प्रयोग करेगा
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. लायड बनाम रोशेट के मामले में प्रथम श्रेणी की रचनात्मक न्यास का करार आधारित था :
   (A) जोड़े के मध्य स्पष्ट वार्तालाप के साक्ष्य थे
   (B) घर के संदर्भ में जोड़े के सम्पूर्ण सम्व्यवहार से मंतव्य निकाला गया
   (C) मृजुता के आधार पर न्यायालय द्वारा निर्णित किया गया था
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. Why was there a proprietary estoppel in Thorner Vs Major ?
(A) Because Thorner acted to his detriment
(B) Because reliance could be proved in Thorner but not in Yeoman's
(C) Because there was a representation that the claimant would acquire an interest in land in Thorner, but not in Yeoman's
(D) None of the above

5. In the case of Twinsectra Vs Yardley (2002) AC 164, What was the main objection ?
(A) A loan is a contract and does not involve a trust
(B) A private trust cannot be for a purpose, it must be identifiable beneficiaries
(C) The parties did not intend to create a trust
(D) None of the above

6. Who hold the equitable interest in a trust ?
(A) The beneficiaries
(B) The trustees
(C) The settlor
(D) None of the above

7. Section-14 of Indian Trust Act deals with :
(A) Lawful purpose
(B) Conversion of perishable property
(C) Trustee not to be set up title adverse to beneficiary
(D) Investment of Trust money

8. Who may create trust which Section of Indian Trust Act 1882 deals ?
(A) Section-04
(B) Section-05
(C) Section-07
(D) Section-09

4. थार्नर बनाम मेजर में स्वामित्व विबन्धन क्यों था ?
(A) क्योकि थार्नर इसमें अपने लिये हानिप्रद कार्य कर रहा था
(B) क्योंकि थार्नर पर भरोसा साबित था, योमन्स पर नहीं
(C) क्योकि वहाँ दावा करने वालों द्वारा आवेदन देकर थार्नर की भूमि में रूचि जाहिर किया गया था योमन्स में नहीं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. ट्विनसेक्ट्रा बनाम यार्डले (2002) ए सी 164 के मामले में मुख्य आपत्ति किस बात की थी ?
(A) ऋण एक संविदा है और वह न्यास से सम्बन्धित नहीं हो सकता
(B) एक व्यक्तिगत न्यास अपने उद्देश्य से दूर नहीं हो सकता, उसकी पहचान उसके हिताधिकारियों से होती है
(C) पक्षकारों का आशय न्यास का निर्माण नहीं था
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. एक न्यास में साम्यिक हित कौन धारित करता है ?
(A) हिताधिकारी
(B) न्यासीगण
(C) व्यवस्थापक
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. भारतीय न्यास अधिनियम की धारा–14 प्राविधान करता है :
(A) विधिक उद्देश्य
(B) नाशवान सम्पत्ति के सम्परिवर्तन
(C) न्यासी न्यास का न्यासधारियों के विपरीत व्यवस्था नहीं कर सकता
(D) न्यास धन का नियोजन

8. भारतीय न्यास अधिनियम 1882 की कौन सी धारा ''कौन न्यास की रचना कर सकता है'' की व्यवस्था करता है ?
(A) धारा–04
(B) धारा–05
(C) धारा–07
(D) धारा–09

9. Which Section of Indian Trust Act 1882 deals with Trust of moveable and immovable property ?
   (A) Section-04
   (B) Section-05
   (C) Section-07
   (D) Section-09

10. Section 34 of the Indian Trust Act 1882 provides :
   (A) Trustee may not change for services
   (B) Indemnity of trustees
   (C) Right to apply to court for opinion in management of Trust property
   (D) None of the above

11. Sec. 25 of the Indian Trust Act 1882 deals with :
   (A) Right of title-deed
   (B) Non-liability for predecessor's default
   (C) Trustee cannot renounce after acceptance
   (D) Sale by trustee directed to sell within the specified time

12. Which of the following Section of Indian Trust Act-1882 deals with the conversion perishable property?
   (A) Sec. 13
   (B) Sec. 14
   (C) Sec. 16
   (D) Sec. 18

13. Which Section of Indian Trust Act deals with the who may be beneficiary ?
   (A) Sec. 09
   (B) Sec. 12
   (C) Sec. 14
   (D) Sec. 20

9. निम्नलिखित में से भारतीय न्यास अधिनियम 1882 की कौन सी धारा चल एवं अचल सम्पत्ति की बात करती है ?
   (A) धारा–04
   (B) धारा–05
   (C) धारा–07
   (D) धारा–09

10. भारतीय न्यास अधिनियम–1882 की धारा–34 उपबन्ध करती है :
   (A) न्यासकर्ता सेवाओं के लिये भुगतान नहीं ले सकता
   (B) न्यासी के क्षतिपूर्ति
   (C) न्यास की सम्पत्ति के प्रबन्ध के लिये न्यायालय के मत हेतु आवेदन का अधिकार
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. भारतीय न्यास अधिनियम–1882 की धारा–25 सम्बन्धित है :
   (A) स्वत्व–विलेख के अधिकार
   (B) पूर्वजो की गलती के लिये अनुत्तरदायित्व
   (C) न्यासकर्ता, स्वीकृति के पश्चात उसका त्याग नहीं कर सकता है
   (D) न्यासी द्वारा निर्धारित समय के अन्दर विक्रय का निष्पादन हेतु

12. विनष्ट होने वाली सम्पत्ति के सम्बन्ध में भारतीय न्यास अधिनियम–1882 की कौन सी धारा बात करती है ?
   (A) धारा–13
   (B) धारा–14
   (C) धारा–16
   (D) धारा–18

13. भारतीय न्यास अधिनियम की कौन सी धारा हितातिधिकरी कौन है से सम्बन्धित है ?
   (A) धारा–09
   (B) धारा–12
   (C) धारा–14
   (D) धारा–20

14. When did the Indian Trust Act 1882, come into force ?
(A) 01 April 1882
(B) 01 March 1882
(C) 23 April 1882
(D) 23 March 1882

14. भारतीय न्यास अधिनियम 1882 कब प्रभाव में आया ?
(A) 01 अप्रैल 1882
(B) 01 मार्च 1882
(C) 23 अप्रैल 1882
(D) 23 मार्च 1882

15. Which of the following are the examples of Equitable remedies ?
(A) Specific performance
(B) Issuing injunction
(C) Appointment of receiver
(D) All of the above

15. निम्नलिखित में से कौन साम्यिक उपचार का उदाहरण है ?
(A) विशिष्ट अनुपालन
(B) व्यादेश जारी करना
(C) समापन की नियुक्ति
(D) उपरोक्त सभी

16. The Judicial remedies developed by Court of equity at a time of Henry VIII are called :
(A) Legal remedy
(B) Equitable remedy
(C) Extra-Judicial remedy
(D) All of the above

16. साम्या कोर्ट द्वारा हेनरी–VIII के समय में विकसित न्यायिक उपचार कहलाता है :
(A) विधिक उपचार
(B) साम्यिक उपचार
(C) बाह्य–न्यायिक उपचार
(D) उपरोक्त सभी

17. Which of the following are the examples of the maxim "He who seeks Equity must do Equity" ?
(A) Doctrine of Election
(B) Equitable estoppel
(C) Set-off
(D) All of the above

17. निम्नलिखित में से कौन ''जो साम्या चाहता है उसे साम्या करना पड़ेगा'' सूत्र का उदाहरण है ?
(A) चुनाव का सिद्धान्त
(B) साम्यिक विबन्धन
(C) मुजराई
(D) उपरोक्त सभी

18. Which of the following case related to maxim "Equity follows the Law" ?
(A) Stickland Vs Aldridge
(B) Appa Narsappa Magdum Vs Akubani Ganpati Nimbalkar
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

18. निम्नलिखित में से कौन सा मामला ''साम्या विधि का अनुसरण करती है।'' सूत्र से सम्बन्धित है ?
(A) स्टिकलैण्ड बनाम आल्ड्रीज
(B) अप्पा नारसप्पा मैगडम बनाम अकुम्बनी गनपति निम्बालकर
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. What is the importance of Lord Eldon ?

(A) He was Lord Chancellor for a long time

(B) He established the system of Law known as equity

(C) He established a system of precedent in equity

(D) None of the above

19. लार्ड एल्डन का क्या महत्व है ?

(A) वे लम्बे समय तक लार्ड चान्सलर थे

(B) उन्होंने ऐसी विधि प्रणाली को स्थापित किया जिसे साम्या के नाम से जाना जाता है

(C) उन्होंने साम्या में प्रांगन्याय के प्रणाली को विकसित किया

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. What is the importance of the Earl of Oxford's Case (1615) ?

(A) It established the fraud would no longer

(B) It developed the use of Injunction

(C) It showed the power of King

(D) It established that equity prevailed over the Common Law

20. 'अर्ल आफ आक्सफोर्ड' के मामले का क्या महत्व है ?

(A) मामले में स्थापित किया गया कि कपट लम्बे समय तक नहीं टिक सकता

(B) इसमें व्यादेश के प्रयोग को विकसित किया गया

(C) यह राजा की शक्ति को प्रदर्शित करता है

(D) इसमें स्थापित किया गया कि साम्या कामन ला पर प्रभावी है

21. How did the lord chancellor become a Judge ?

(A) He dealt with petitions in the King

(B) He administered the court system

(C) He issued writs

(D) None of the above

21. लार्ड चान्सलर कब एक न्यायाधीश की भूमिका में होते हैं ?

(A) जब वे राजा को दिये याचिकाओं का निस्तारण करते हैं

(B) जब वे न्यायालयी प्रणाली का प्रशासन करते हैं

(C) जब वे रिट जारी करते हैं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. What is the meaning of the word 'Equity' ?

(A) The ability to make exceptions to the legal rules

(B) The body of Law developed by the Court of Chancery

(C) Fairness

(D) None of the above

22. 'साम्या' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) विधिक नियमों के अपवाद सृजित करने की क्षमता

(B) चान्सरी कोर्ट द्वारा विकसित विधि का स्वरूप

(C) ऋृजुता

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

23. Equity courts could be approached:
   (A) As a matter of Right
   (B) As a matter of Property
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above

24. Who defined "equity as the spirit and soul of all Laws" ?
   (A) Blackstone
   (B) Plato
   (C) Metland
   (D) Austine

25. In case of conflict between equity and the text of Law the Court shall choose :
   (A) Equity
   (B) Text of Law
   (C) Have the discretion to choose between equity and Law
   (D) None of the above

26. English rule of equity have been :
   (A) Substantially incorporated by the Indian Legislature
   (B) Partially incorporated by the Indian Legislation
   (C) Wholly incorporated by the Indian Legislation
   (D) None of the above

27. The Primary Source of Equity is :
   (A) Custom
   (B) Written law
   (C) Judicial decisions
   (D) Conscience

23. साम्या न्यायालय की पहुँच होती है :
   (A) अधिकार के मामलों में
   (B) सम्पत्ति के मामलों में
   (C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. "साम्या सभी विधियों की प्राण एवं आत्मा है" किसने परिभाषित किया :
   (A) ब्लैकस्टोन
   (B) प्लेटो
   (C) मेटेलैण्ड
   (D) आस्टिन

25. विधिक प्रसंगति एवं साम्या के बीच मतभेद की स्थिति में न्यायालय द्वारा अपनाया जायेगा :
   (A) साम्या को
   (B) विधिक प्रसंगति को
   (C) उन्हें विवेकाधिकार है कि वे चाहे तो विधि अपनावें या साम्या
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. साम्या रूपी आँग्ल विधि को :
   (A) भारतीय विधानपालिका द्वारा काफी हद तक अपनाया गया है
   (B) भारतीय विधानपालिका द्वारा अंशतः तक अपनाया गया है
   (C) भारतीय विधानपालिका द्वारा पूर्णतया तक अपनाया गया है
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

27. साम्या का प्राथमिक स्रोत है :
   (A) प्रथा
   (B) लिखित विधि
   (C) न्यायिक निर्णय
   (D) अंतःकरण/सद्विवेक

28. Why did the system of Law known as Equity come into existence ?

(A) To supliment and modify the injustices of the Common Law

(B) To provide a small claims court

(C) To reform the law

(D) None of the above

28. विधि प्रणाली में कब जाना जाता है कि साम्या का अस्तित्व है ?

(A) कामन ला में अन्याय के अनुपूरक एवं संशोधन के लिए विकल्प के रूप में

(B) सूक्ष्म दावा न्यायालय की उपलब्धता

(C) विधि में सुधार

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. Which one of the following is false in the context of Equitable compensation ?

(A) Delay defeats equity

(B) The limitation period of a claim for equitable compensation can be extended

(C) Reasonable foreseeability is a key factor in determining the level of loss that can be compensated

(D) None of the above

29. साम्यिक प्रतिकर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन गलत है ?

(A) विलम्ब साम्या को पराजित करता है

(B) साम्यिक प्रतिकर के दावे की मियाद को आगे बढ़ाया जा सकता है

(C) युक्तियुक्त दूरदर्शिता क्षति निर्धारण का मात्रा की कसौटी है जिसका प्रतिकर दिया जाना है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. Which of the following best describes the nature of Equitable remedies ?

(A) They are only granted where a common law remedy would also be due

(B) They are discretionary in nature and depend upon the availability and adequacy of common law remedies

(C) They are awarded as a right

(D) None of above

30. निम्नलिखित में से कौन साम्यिक उपचारों के प्रकृति को बेहतर ढंग से स्पष्ट कर रहा है ?

(A) वे केवल वही दिए जाते हैं जहाँ कामन ला उपचार देय है

(B) वे प्राकृतितः विवेकाधीन होती हैं और कामन ला उपचार के उपलब्धता तथा पर्याप्ततः पर निर्भर करती है

(C) वे अधिकार स्वरूप प्रदान की जाती है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. If there is one principle of Equity that can be said to be of most significant to its operation and indeed its existence it is :
   (A) Equity is triggered by unconscionability
   (B) Equity will not suffer a wrong without a remedy
   (C) Equity looks to substance rather than form
   (D) Equity follows the law

32. Which equitable maxim would be applicable in Highway man case ?
   (A) Those who seek equity must do equity
   (B) Equity treats as done that which out to be done
   (C) Equity will not assist a volunteer
   (D) Those who come to equity must come with clean hand

33. The phrase "English Legal System" refers to :
   (A) The Legal System of England and Wales
   (B) The Legal System of England only
   (C) The Legal System of England, Wales and Scotland
   (D) The Legal System of United Kingdom

31. यदि साम्या के प्रयोग के दृष्टिकोण से सिद्धान्तों को देखा जाय तो अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्धान्त है :
   (A) सामान्य अचेतना द्वारा उत्प्रेरित है
   (B) साम्या किसी अपकृत्य के बिना उपचार नहीं रहने देगी
   (C) साम्या विषय वस्तु देखती है, प्रारूप नहीं
   (D) साम्या विधि का अनुसरण करती है

32. निम्नलिखित में से कौन सा साम्यिक सूत्र बटमारो के वाद में प्रयुक्त किया गया ?
   (A) साम्या की अपेक्षा करने वाले को स्वयं भी साम्या का व्यवहार करना चाहिए
   (B) साम्या जो किया जाना चाहिए उसी को किया गया मानती है
   (C) साम्या को किसी की सहायता की आवश्यकता नहीं है
   (D) साम्या की शरण में आने वाले को निर्मल हाथों से आना चाहिए

33. उक्ति ''आँग्ल विधि प्रणाली'' का आशय है :
   (A) इंग्लैण्ड और वेल्स के विधि प्रणाली से
   (B) केवल इंग्लैण्ड के विधि प्रणाली से
   (C) इंग्लैण्ड, वेल्स और स्काटलैण्ड की विधि प्रणाली से
   (D) यूनाइटेड किंगडम के विधि प्रणाली से

34. Statute Law refers to :
(A) Law created by judges through the deciding of cases
(B) To mitigate the harshness of the common law by deciding cases based on fairness and equality
(C) The body of Law regulate relationship between the state and its citizens
(D) The body of laws creates by Parliament in the form of legislation

35. Which of the following countries does not have a Common Law Legal System ?
(A) England
(B) Australia
(C) U.S.A.
(D) France

36. Which of the following is not a meaning of the term "Common Law" ?
(A) The body of Law as made by Judges though the determination cases
(B) A Legal System that is based on that of England
(C) Law created by Parliament
(D) None of the above

37. Which of the following make up the Three Certainties ?
(A) Certainty of intention, purpose and subject
(B) Certainty of Trust, intention and purpose
(C) Certainty of object, subject and confidence
(D) Certainty of intention, subject and object

34. संविधिक विधि संदर्भित करता है :
(A) मामले में दिये गये निर्णय द्वारा न्यायाधीश विधियों का निर्माण करते हैं
(B) कामन ला द्वारा निर्णीत मामलों में उत्पन्न कठिनाइयों को साम्या तथा बराबरी के आधार पर दूर किया जाता है
(C) विधि द्वारा राज्य तथा उसके नागरिकों के सम्बन्धों को विनियमित किया जाता है
(D) विधि संसद द्वारा विधायन के माध्यम से बनायी जाती है

35. निम्नलिखित में से कौन सा देश कामन ला विधि प्रणाली धारित नहीं करता ?
(A) इंग्लैण्ड
(B) आस्ट्रेलिया
(C) यू.एस.ए.
(D) फ्रांस

36. निम्नलिखित में से कौन "कामन ला" शब्द का अर्थ नहीं है ?
(A) मामले से संबन्धित न्यायाधीश विधि बनाता है
(B) इंग्लैण्ड की विधि प्रणाली जिस पर आधारित है
(C) संसद द्वारा विधि का निर्माण किया जाता है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से कौन तीन संभावनाएं बनाती है ?
(A) आशय, उद्देश्य और विषय की संभावना
(B) न्यास, आशय और उद्देश्य की संभावनाएं
(C) उद्देश्य, विषय और विश्वास की संभावनाएं
(D) आशय, विषय और उद्देश्य की संभावनाएं

38. Which of the following is not an equitable maxim ?
(A) Equity will not suffer a wrong without a remedy
(B) Equity acts on personam
(C) Equity sees as done that which ought to be done
(D) Equity looks to form, not intent

38. निम्नलिखत में से कौन साम्यिक सूत्र नहीं है?
(A) साम्या किसी अपकृत्य में अपचार विहीन नहीं रहने देगी
(B) साम्या की क्रिया व्यक्ति से सम्बन्ध रखती है
(C) साम्या जो किया जाना चाहिये उसी को किया गया मानती है
(D) साम्या रूप को देखती है, आशय को नहीं

39. What is the purpose of the Equity?
(A) To gloss over and mollify the injustices of the Common Law
(B) To provide an alternative system of Law
(C) To allow for the recognition of Trusts
(D) To provide a quicker system of Justice

39. साम्या का उद्देश्य क्या है ?
(A) कामन ला के अन्याय को शमन करने और उस पर चमक लाने का
(B) विधि प्रणाली के विकल्प के रूप में
(C) न्यास के मान्यता को अनुमत करने को
(D) न्याय की तीव्र प्रणाली उपलब्ध कराना

40. Which of the following is not an equitable remedy ?
(A) Injunction
(B) Damages
(C) Specific performance
(D) None of the above

40. निम्नलिखत में से कौन साम्यिक उपचार नहीं है ?
(A) व्यादेश
(B) क्षतिपूर्ति
(C) विशिष्ट अनुपालन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

41. Jeremy Bentham's Principle 'greatest happiness" based on :
(A) Principle of Utility
(B) Principle of Equity
(C) Principle of Equality
(D) Principle of Justice

41. जेर्मी बेन्थम का सिद्धान्त "बहुजन सुखाय" पर आधारित है :
(A) उपयोगिता के सिद्धान्त पर
(B) साम्या के सिद्धान्त पर
(C) समानता के सिद्धान्त पर
(D) न्याय के सिद्धान्त पर

42. The maxim that "delay defeats equity" express which doctrine ?
(A) The doctrine of luckies
(B) The doctrine of leeches
(C) The doctrine of laches
(D) The doctrine of catches

42. "विलम्ब साम्या को पराजित करता है" सूत्र किस सिद्धान्त को व्यक्त करता है ?
(A) अनुसरण का सिद्धान्त
(B) परजीवी का सिद्धान्त
(C) असावधानी का सिद्धान्त
(D) पेचीदगी का सिद्धान्त

43. The Judicature Acts- 1873-75 provide equitable remedies from which of the following Courts ?
(A) Common Law Courts
(B) The Chancery Courts
(C) The House of Lords
(D) All of above

43. निम्नलिखित में से किस न्यायालय में जुडिकेचर एक्ट –1873–1875 द्वारा साम्यिक उपचार प्रदान किया जाता था ?
(A) कामन ला कोर्ट्स
(B) द चान्सरी कोर्ट्स
(C) द हाउस ऑफ लॉर्ड्स
(D) उपरोक्त सभी में

44. Complete the maxim "Equity is_______".
(A) Fairness
(B) Equality
(C) Justice
(D) Reasonability

44. सूत्र को पूर्ण करिए –
''इक्विटी_______ इज''।
(A) फेयरनेश
(B) इक्वेलिटी
(C) जस्टिस
(D) रिजनेबिलिटी

45. The equitable maxim "He who seeks equity must do equity" deals with what type of behaviour ?
(A) The future behaviour of the claimant
(B) The past behaviour of the claimant
(C) The future behaviour of the parties
(D) The past behaviour of the defendant

45. साम्या का सूत्र – ''साम्या की अपेक्षा करने वाले को स्वयं भी साम्या का व्यवहार करना चाहिए' किस तरह के व्यवहार से सम्बन्धित है?
(A) दावा करने वाले के भविष्य के आचरण को
(B) दावा करने वाले के भूतकाल के आचरण के संदर्भ को
(C) पक्षकारों के भविष्य के आचरण को
(D) प्रतिवादी के भूतकालीन आचरण के संदर्भ में

46. The case of Penn Vs Lord Baltimore demonstrates which equitable maxim ?
(A) Equity looks to intent, not form
(B) Equity acts in personam
(C) He who comes to equity must come with clean hands
(D) Equity follows the law

46. 'पेन बनाम लार्ड बाल्टीमोर' का मामला निम्नलिखित में से किस साम्यिक सूत्र को प्रदर्शित करता है ?
(A) साम्या रूप को नहीं आशय को देखती है
(B) साम्या की क्रिया व्यक्ति से सम्बन्ध रखती है
(C) साम्या की शरण में आने वाले को निर्मल हाथों से आना चाहिये
(D) साम्या विधि का अनुसरण करती है

47. Which of the following statements best describe the function of Equity ?
(A) Equity intervenes to prevent handships which arise from the strict application of common law rules
(B) In general equity tends to pay closer attention the fact of individual case
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

48. Which Act was responsible for unitying the administration of the Courts of Equity and the Common Law Courts ?
(A) The Supreme Court Act
(B) Provisions of Oxford
(C) The Statute of West minister
(D) The Judicature Act 1873-75

49. What was the significance of the Earl of Oxfored's case ?
(A) The case resolved the ongoing battle for authority between Church and the State
(B) The case established the principle that where equity and the common law conflict, equity prevails
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

50. Why was the system of Law known as Equity created ?
(A) To supliment and modify the Injustice of the Common Law
(B) To provide a quicker system of Justice
(C) To reform the Law
(D) To allow the recognition of Trust

47. निम्नलिखित में से कौन सा कथन साम्या के कार्य को बेहतर ढंग से परिभाषित करता है ?
(A) साम्या कामन ला नियमों के कठोर प्रयोग से उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के लिये दखल देती है
(B) सामान्यतया साम्या व्यक्तिगत तथ्यों पर नजदीकी रूप से ध्यान देती है
(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. कौन सा अधिनियम इक्विटी कोर्ट एवं कामन लॉ कोर्ट के मध्य प्रशासन तथा एकीकरण के लिए जिम्मेदार था ?
(A) द सुप्रीम कोर्ट एक्ट
(B) प्राविजन्स आफ आक्सफोर्ड
(C) द स्टेट्यूट ऑफ वेस्ट मिनिस्टर
(D) द जूडिकेचर एक्ट्स – 1873–1875

49. 'अर्ल ऑफ आक्सफोर्ड' मामले का क्या महत्व है ?
(A) चर्च और राज्य के मध्य संघर्ष के निराकरण के रूप में
(B) जहाँ कामन ला एवं साम्या के बीच मतभेद है वहाँ साम्या प्रभावी होगी के सिद्धान्त की स्थापना के रूप में
(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. विधि प्रणाली को साम्या जनित क्यों जाना जाता था ?
(A) कामन ला के न्याय के विकल्प एवं संशोधन के लिए
(B) न्याय के तेज प्रणाली के रूप में
(C) विधि संशोधन के लिए
(D) न्यास के मान्यता के अनुमति के लिए

51. Which of the following is a fiduciary allowed to do ?
   (A) Make a profit from the trust
   (B) Act in good faith
   (C) Act for his own benefit
   (D) Act for the benefit of third party

51. निम्नलिखित में से किसको वैश्वासिक रूप से किया जाना अनुमत है ?
   (A) न्यास से लाभ बनाना
   (B) सद्–विश्वास में कार्य करना
   (C) अपने लाभ के लिए कार्य करना
   (D) तीसरे पक्षकार के लाभ के लिए कार्य करना

52. Which of the following relations under fiduciary relations ?
   (A) Banker
   (B) Director of a company
   (C) Joint family manager
   (D) All of the above

52. निम्नलिखित में से कौन वैश्वासिक सम्बन्ध के अन्तर्गत आता है ?
   (A) बैंकर
   (B) कम्पनी के डाइरेक्टर
   (C) संयुक्त कुटुम्ब का प्रबंधक
   (D) उपरोक्त सभी

53. What are the classification of equitable remedies ?
   (A) Rectification of instruments
   (B) Rescission of contracts
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above

53. साम्यिक अनुतोषों का वर्गीकरण क्या है ?
   (A) प्रलेखों की परिशुद्धि
   (B) संविदाओं का विखंडन
   (C) उपरोक्त (A) और (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. Which of the following are principle on which equitable relief is granted ?
   (A) He who comes to equity, must come with clean hand
   (B) He who seeks equity must do equity
   (C) Delay defeat equity
   (D) All of the above

54. निम्नलिखित में वे कौन सिद्धान्त है जिसके आधार पर साम्यिक अनुतोष प्रदान किया जा सकता है ?
   (A) जो साम्या के शरण में आता है उसको स्वच्छ हाथों आना चाहिये
   (B) जो साम्या चाहता है उसको साम्या करना चाहिए
   (C) विलम्ब साम्या को पराजित करता है
   (D) उपरोक्त सभी

55. What are the remedies open to beneficiary in case of breach of trust ?
(A) Relief against the trustee personally
(B) Right to follow trust property
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

55. न्यासभंग की दशा में हितग्राहियों को उपलब्ध उपचार क्या हैं ?
(A) व्यक्तिगत रूप से न्यासधारी के विरूद्ध अधिकार
(B) न्यास विधि अनुसरण का अधिकार
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. What are the Rights of Beneficiary?
(A) Right to rents and profit
(B) Right to specific execution
(C) Right to put an end to the trust
(D) All of the above

56. हितग्राहियों के क्या अधिकार हैं ?
(A) किराया या लाभ प्राप्त करने का अधिकार
(B) विशिष्ट निष्पादन का अधिकार
(C) न्यास समाप्त करने का अधिकार
(D) उपरोक्त सभी

57. What are the statutory powers of Trustees ?
(A) Power in relation to the conduct sale of trust property
(B) Power to vary investment
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

57. न्यासधारी की संविधिक शक्तियाँ क्या हैं ?
(A) न्यास सम्पत्ति के विक्रय की शक्ति
(B) विनियोजन में परिवर्तन करने की शक्ति
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. What are the rights of trustees ?
(A) Right to title deed
(B) Right to Re-imbursement and identity
(C) Right to take direction from court
(D) All of the above

58. न्यासधारियों के क्या अधिकार होते हैं ?
(A) स्वत्व विलेख का अधिकार
(B) खर्चों की प्रतिपूर्ति तथा क्षतिपूर्ति का अधिकार
(C) न्यायालय से निर्देश प्राप्त करने का अधिकार
(D) उपरोक्त सभी

59. What are the duties of a trustee :
(A) Positive duty
(B) Negative duty
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

60. Who are the parties in a trust ?
(A) Trustee
(B) Testator
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

61. What are the nature of charitable trust :
(A) Indefiniteness
(B) Meritoriousness
(C) Perpetuity
(D) All of the above

62. What are the essential elements of resulting trust ?
(A) Imperfect declaration
(B) Unused residue
(C) Want of consideration
(D) All of the above

63. Which of the following types of trust is void ?
(A) A trust for the invention of a new Pan-European language
(B) A Trust for the purposes beneficial to the public
(C) A trust to build a swimming-pool for the employees of company limited
(D) None of the above

59. न्यासधारी के कर्तव्य होते हैं :
(A) निश्चयात्मक/सकारात्मक दायित्व
(B) नकारात्मक दायित्व
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. एक न्यास में पक्षकार कौन होते हैं ?
(A) न्यासधारी
(B) न्यासकर्ता
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. पूर्त या खैराती न्यास की प्रकृति है :
(A) अनिश्चितता
(B) गुणवत्ता
(C) शाश्वतता
(D) उपरोक्त सभी

62. परिणामी न्यास के आवश्यक तत्व हैं ?
(A) अपूर्ण घोषणा
(B) अप्रयुक्त अवशिष्ट
(C) प्रतिफल का अभाव
(D) उपरोक्त सभी

63. निम्नलिखित में से किस प्रकार का न्यास शून्य है ?
(A) एक ऐसा न्यास जो नये पैन–यूरोपियन भाषा की खोज करने के लिए है
(B) एक ऐसा न्यास जिसका उद्देश्य लोक हित है
(C) एक कम्पनी लिमिटेड के नियोक्नितो के लिए तरण ताल के निर्माण हेतु न्यास
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. Which of the following transactions is effective and enforceable without formality ?
   (A) Declaration of trust of a legal interest in land
   (B) Transaction giving rise to a constructive trust
   (C) Deposition of an interest under an existing trust
   (D) None of the above

64. निम्नलिखित में से कौन से संव्यवहार बिना औपरचारिकता के प्रभावी और प्रवर्तनीय है ?
   (A) भूमि में विधिक हित के न्यास की घोषणा
   (B) एक रचनात्मक न्यास में सम्व्यवहार का उत्पन्न होना
   (C) वर्तमान न्यास में हित का स्वभाव
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. For which type of property must a declaration of trust be proved by writing ?
   (A) Shares
   (B) Contractual rights
   (C) Land
   (D) None of the above

65. किस प्रकार की सम्पत्ति की घोषणा न्यास में लिखित रूप में होनी चाहिये ?
   (A) शेयर
   (B) संविदात्मक अधिकार
   (C) भूमि
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. In a trust, which of the following statement does not apply to trustees ?
   (A) The trustees hold the legal estate
   (B) The trustees hold the equitable interest only
   (C) The trustees hold legal and equitable interest
   (D) The trustees pay income to the beneficiaries

66. न्यास में न्यासियों के विषय में कौन सा कथन लागू नहीं होता ?
   (A) न्यासी कानूनी सम्पत्ति धारित करता है
   (B) न्यासी केवल साम्यपूर्ण हितधारित करता है
   (C) न्यासी साम्यपूर्ण और विधिक सम्पत्ति धारित करता है
   (D) न्यासी हिताधिकारियों को लाभ का भुगतान करते हैं

67. What is the difference between a trust and Agency :
   (A) Trustees have a fiduciary duty agent do not
   (B) Trustees hold trust property, Agents do not
   (C) Trustees must not make unauthorized profits, agent may
   (D) Trustees may not delegate their duties, Agents may

67. न्यास और अभिकरण के मध्य अन्तर है :
   (A) न्यासी का वैश्वासिक कर्तव्य है, अभिकर्ता का नहीं
   (B) न्यासी न्यास सम्पत्ति धारित करता है अभिकर्ता नहीं
   (C) न्यासी अनाधिकृत लाभ अर्जित नहीं कर सकता, अभिकर्ता कर सकता है
   (D) न्यासी अपने दायित्वों का प्रत्यायोजन नहीं कर सकता जबकि अभिकर्ता कर सकता है

68. Which of the following is not a characteristic of a trust ?
(A) The beneficiaries give no consideration
(B) The beneficiaries have proprietary rights
(C) The beneficiaries may sell their equitable interests
(D) The beneficiaries may enforce the trusts against the settlor

68. निम्नलिखित में से कौन न्यास की विशेषता नहीं है ?
(A) हिताधिकारी प्रतिफल नहीं देता
(B) हिताधिकारी को मालिकाना अधिकार होता है
(C) हिताधिकारी अपने साम्यपूर्ण हितों का विक्रय कर सकता है
(D) हिताधिकारी न्यास को अनुदानकर्ता के खिलाफ प्रवर्तित करा सकता है

69. What are the classification of trusts according to their objects ?
(A) Private trust
(B) Public trust
(C) Charitable trust
(D) All of the above

69. न्यास के उद्देश्यों के अनुसार न्यास का क्या वर्गीकरण है ?
(A) निजी न्यास
(B) लोक न्यास
(C) खैराती न्यास
(D) उपरोक्त सभी

70. The classification of trust according to the nature of the duties of the trustees ?
(A) Simple trust
(B) Specific trust
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

70. न्यासधारी के कर्तव्य की प्रकृति के अनुसार न्यास का वर्गीकरण है :
(A) साधारण न्यास
(B) विशिष्ट न्यास
(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

71. When can a trustee be competent to contract, to execute a trust ?
(A) It is a public trust
(B) Where the trust involves the exercise of discretion
(C) If there are more than one trustees
(D) None of the above

71. जब कोई न्यासी संविदा करने में समर्थ है वह एक न्यास गठित कर सकता है ?
(A) यदि वह एक लोक न्यास है
(B) जहाँ न्यास में विवेकीय शक्तियों का प्रयोग अनुमत है
(C) यदि एक से अधिक न्यासी हैं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. Every trust of which the purpose is unlawful is :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid but not enforceable

(D) None of the above

72. प्रत्येक न्यास जिसका उद्देश्य अविधिक है, वह है :

(A) शून्य

(B) शून्यकरणी

(C) वैध किन्तु अप्रवर्तनीय

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. To whom Indian Trusts Act shall apply ?

(A) Public, private, religious or charitable organizations

(B) The law relating to private trust and trustees

(C) Mutual relations of members of an undivided family

(D) Every trust for distribute prizes

73. किन पर भारतीय न्यास अधिनियम लागू होता है ?

(A) लोक, प्राइवेट, धार्मिक एवं पूर्त संगठनों पर

(B) प्राइवेट ट्रस्ट एवं न्यासियों से सम्बन्धित विधि पर

(C) अविभक्त परिवार के सदस्यों के आपसी सम्बन्धों पर

(D) इनाम बाँटने वाले सभी न्यासों के ऊपर

74. Which Section of the Indian Trust Act. Describes the competent person to become trustee ?

(A) Section-9

(B) Section-10

(C) Section-11

(D) Section-12

74. भारतीय न्यास अधिनियम की किस धारा में एक सक्षम न्यासी को परिभाषित किया गया है?

(A) धारा–9

(B) धारा–10

(C) धारा–11

(D) धारा–12

75. Can a trust be created by on behalf of a minor ?

(A) Yes, with the permission of a civil court of original jurisdiction

(B) No

(C) Partly true

(D) None of the above

75. क्या एक अवयस्क के लिए न्यास गठित किया जा सकता है ?

(A) हाँ मौलिक क्षेत्राधिकार रखने वाले सिविल न्यायालय की अनुमति से

(B) नहीं

(C) अंशतः सत्य

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. What are the necessary elements for constituting a trust ?

(A) Intention to create a trust
(B) Purpose of the trust
(C) Beneficiary of trust
(D) All of the above

76. एक न्यास के गठन के लिए क्या आवश्यक शर्तें होती है ?

(A) न्यास के गठन हेतु आशय
(B) न्यास का उद्देश्य
(C) न्यास के हिताधिकारी
(D) उपरोक्त सभी

77. The Indian Trust Act does not apply to public trust the statement is :

(A) True
(B) False
(C) Partly true
(D) None of the above

77. भारतीय न्यास अधिनियम लोक न्यास पर लागू नहीं होता यह कथन है :

(A) सत्य
(B) असत्य
(C) अंशतः सही
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. Who among the following has a right to the rents and profits of the trust property ?

(A) Trustee
(B) Author of the trust
(C) Beneficiary
(D) None of the above

78. निम्नलिखित में से कौन न्यस्त सम्पत्ति से किराया और लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है?

(A) न्यासी
(B) न्यास का लेखक
(C) हिताधिकारी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

79. Can a trustee buy or become mortgage or lessee of the trust property ?

(A) Yes
(B) No
(C) Yes, only with the permission of principle civil court and if the manifestly for the advantage of the beneficiary
(D) None of the above

79. क्या एक न्यासी न्यस्त सम्पत्ति का क्रय, बन्धक या पट्टा कर सकता है ?

(A) हाँ
(B) नहीं
(C) हाँ, केवल मुख्य सिविल न्यायालय के अनुमति से और यदि ऐसा क्रय, बन्धक एक पट्टा हिताधिकारियों के लाभ के लिए आशयित हो
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

80. The beneficiary is entitled to have the intention of theauthor of the trust specifically executed to the extent of the beneficiary interest the statement is :

(A) True
(B) False
(C) Partly correct
(D) None of the above

81. According to Section 60 of the Indian Trust Act that beneficiary has right that trust property shall be :

(A) Property protected
(B) Administered by proper person
(C) Administered by proper member of persons
(D) All of the above

82. Can a beneficiary transfer his interest ?

(A) Yes
(B) No
(C) Only if he is competent contract
(D) None of the above

83. Who among the following are not proper person who can administer trust with in the meaning of Section 60 of Indian Trust Act ?

(A) An alien enemy
(B) A person domiciled abroad
(C) A person having an interest inconsistent with that of the beneficiary
(D) All of the above

80. एक न्यास में हिताधिकारियों का आशय उसके लेखक के प्रति यह आशयित होता है कि वह उसका गठन हिताधिकारियों के हितों का विशेष ध्यान रखकर करे :

(A) सत्य
(B) असत्य
(C) अंशतः सही
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

81. भारतीय न्यास अधिनियम के धारा–60 के अनुसार एक न्यास सम्पत्ति में हिताधिकारी के अधिकार होते हैं :

(A) ठीक ढंग से संरक्षित
(B) उचित व्यक्ति द्वारा प्रबन्धन
(C) उचित संख्या में व्यक्तियों द्वारा प्रबन्धित
(D) उपरोक्त सभी

82. क्या हिताधिकारी अपने हितों का स्थानान्तरण कर सकता है ?

(A) हाँ
(B) नहीं
(C) केवल यदि वह संविदा योग्य हो
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. धारा–60 भारतीय न्यास अधिनियम के अुनसार कौन–सा व्यक्ति उचित व्यक्ति नहीं है जो न्यास का व्यवस्थापक बन सके ?

(A) एक विदेशी शत्रु
(B) एक विदेशी अधिवासी
(C) हिताधिकारियों के हितों जैसा हित रखने वाला व्यक्ति
(D) उपरोक्त सभी

84. Who among the following cannot be trustee unless the personal law of the beneficiary allows otherwise?
(A) A minor
(B) A married woman
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

85. The trustee has no right to be reimbursed for :
(A) The expenses made by him for improvement of the property
(B) The expenses reasonably necessary to the due administration of trust
(C) The preservation of trust property
(D) The protection of rights of beneficiary

86. Under which Section of the Trust Act 1882 the definition of the breach of trust is provide ?
(A) Section-1(d)
(B) Section-2
(C) Section-3
(D) Section-5

87. Who said "Trust is the very centre and kernel of Equity ?"
(A) Bacon
(B) Story
(C) Snell
(D) Hanbury

84. निम्नलिखित में से कौन न्यासी नहीं हो सकता जब तक हिताधिकारियों की व्यक्तिगत विधि अन्यथा अनुज्ञा नहीं देती ?
(A) एक अवयस्क
(B) एक विवाहित महिला
(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. न्यासी निम्नलिखित में से किसके भुगतान की माँग नहीं कर सकता :
(A) सम्पत्ति के विकास के लिये उसके द्वारा किये गये खर्चे के लिए
(B) न्यास के प्रशासन हेतु उपार्जित आवश्यक युक्तियुक्त खर्चे का
(C) न्यास सम्पत्ति के संरक्षण के लिए
(D) हिताधिकारियों के हितों की संरक्षण के लिए

86. न्यास अधिनियम 1882 की किस धारा में न्यासभंग को परिभाषित किया गया है ?
(A) धारा–1(d)
(B) धारा–2
(C) धारा–3
(D) धारा–5

87. किसने कहा था न्यास साम्या का केन्द्रबिन्दु और गुठली है ?
(A) बेकन
(B) स्टोरी
(C) स्नेल
(D) हैनबरी

88. Who out of the following cannot create a trust ?
(A) A person of 21 years of age
(B) An Advocate
(C) A minor
(D) A Juristic person

88. निम्नलिखित में से कौन एक न्यास का निर्माण नहीं कर सकता है ?
(A) 21 वर्ष का व्यक्ति
(B) एक अधिवक्ता
(C) एक अवयस्क
(D) एक न्यायिक व्यक्ति

89. Which of the following Sections of the Indian Trust Act deals with liability for breach of trust ?
(A) Section-20
(B) Section-21
(C) Section-22
(D) Section-23

89. भारतीय न्यास अनिधनियम की कौन सी धारा न्यासभंग के लिए दायित्व की बात करती है ?
(A) धारा–20
(B) धारा–21
(C) धारा–22
(D) धारा–23

90. Which one of the following is not necessary for the creation of trust ?
(A) The author of Trust
(B) Trustee
(C) Legal representative
(D) Beneficiary

90. एक न्यास के निर्माण में निम्नलिखित में से कौन आवश्यक नहीं है ?
(A) न्यास का लेखक
(B) न्यासी
(C) विधिक प्रतिनिधि
(D) हिताधिकारी

91. Rights of beneficiaries are provided under which Sections of Indian Trust Act ?
(A) Section 51 to 65
(B) Section 53 to 67
(C) Section 55 to 69
(D) Section 57 to 71

91. हिताधिकारियों के अधिकारों की व्यवस्था भारतीय न्यास अधिनियम की किस धारा में की गयी है ?
(A) धारा – 51 से 65
(B) धारा – 53 से 67
(C) धारा – 55 से 69
(D) धारा – 57 से 71

92. Which one of the following can create trust ?
(A) convict
(B) Lunatic
(C) Alien
(D) Infant

92. निम्नलिखित में से कौन एक न्यास का निर्माण कर सकता है ?
(A) दोषसिद्ध
(B) पागल
(C) विदेशी
(D) शिशु

93. Who among the following cannot become beneficiary ?
(A) The Government
(B) Unborn Child
(C) Corporation
(D) Alien

93. निम्नलिखित में से कौन हिताधिकारी नहीं हो सकता ?
(A) सरकार
(B) अजन्मा बालक
(C) निगम
(D) विदेशी

94. Which of the following circumstances is likely to defeat an in personam claim ?
(A) The defendant's death
(B) The defendant's personal insolvency
(C) The claimant has suffered no personal injury
(D) The defendant is a company

94. निम्नलिखित में से कौन सी परिस्थितियाँ व्यक्तिगत दावे को पराजित करता है ?
(A) प्रतिवादी की मृत्यु
(B) प्रतिवादी का व्यक्तिगत दिवालियापन
(C) दावा करने वाला किसी व्यक्तिगत हानि से प्रभावित नहीं है
(D) प्रतिवादी एक कम्पनी है

95. Which of the following propositions is always true :
(A) The trustee hold legal title to the trust property
(B) The trustee is not a beneficiary of the own trust
(C) A trustee is never the absolute owner of trust property
(D) None of the above

95. निम्नलिखित में से कौन सा कथन हमेशा सत्य है :
(A) न्यासी न्यास सम्पत्ति का विधिक स्वत्व धारित करता है
(B) न्यासी अपने न्यास का हिताधिकारी नहीं होता
(C) न्यासी न्यास सम्पत्ति का कभी भी पूर्ण स्वामी नहीं होता
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. To make defendant liable as a constructive trustee, it must be proved that the defendant :
(A) Had actual knowledge that would make it unconscionable to retain the trust property
(B) Shut his eyes to the fact that he was receiving trust property in breach of trust
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

96. प्रतिवादी को रचनात्मक न्यासी के रूप में उत्तरदायी होने के लिये, प्रतिवादी द्वारा यह साबित करना होगा कि वह :
(A) न्यास सम्पत्ति का धारित किया जाना उसकी अचेतनता थी इस बात का वास्तविक ज्ञान
(B) तब वह नहीं देख पाया जब उसने न्यास भंग की सम्पत्ति ग्रहण किया था
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

97. An essential element of 'Death bed gift' is :
(A) The handover of the front door key of the house
(B) The handover of the possession of the house
(C) The handover of the title deeds of the house
(D) None of the above

97. 'मृत्यु शैय्या दान'' का आवश्यक तत्व क्या है?
(A) घर के मुख्य दरवाजे की चाभी का परिदान
(B) घर के कब्जे का परिदान
(C) घर के स्वत्व विलेख का परिदान
(D) उपरोक्त मे से कोई नहीं

98. In a mutual will, the consideration for the contract is :
(A) The couple promising not to revoke there will
(B) The couple making mirror wills
(C) The couple leaving property to each other
(D) None of the above

98. एक आपसी इच्छापत्र में संविदा का प्रतिफल है:
(A) जोड़ो द्वारा अपने इच्छा का अप्रतिसंहरण का वचन
(B) जोड़े द्वारा एक समान इच्छा का सृजन
(C) जोड़े द्वारा एक दूसरे के लिए सम्पत्ति का परित्याग
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. Why was "Sport" not traditionally regarded as charitable ?
(A) Because not all of sports benefit children
(B) Because no sport could be open to all
(C) Because it was not possible to decide which sports were for the public benefit
(D) Because sports is not productive activities

99. क्यों खेल को परम्परागत रूप में खैराती नहीं माना जाता है ?
(A) क्योकि सभी खेल बच्चों के लिए नहीं होते
(B) क्योकि खेल सबके लिये खुले नहीं हैं
(C) क्योकि यह निर्णय करना संभव नहीं कि कौन सा खेल लोकहित में है
(D) क्योकि खेल एक उत्पादक क्रिया नहीं है

100. Which of the following would not quality as a charitable trust for the advancement of education ?
(A) A trust to promote archaeology
(B) A trust to promote nuclear disarmament
(C) A trust to establish an art galley
(D) None of the above

100. निम्नलिखित में से कौन सा खैराती न्यास शैक्षिक उन्नयन के उद्देश्य के लिये स्थापित न्यास के रूप में उचित नहीं है ?
(A) पुरातत्व को प्रोत्साहित करने वाला न्यास
(B) परमाणु निरस्त्रीकरण को प्रोत्साहित करने वाला न्यास
(C) कलादीर्घा स्थापित करने वाला न्यास
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.